गैरसैंण, सोमवार
12 अगस्त 2024
वर्षः 16
अंकः 100 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### महिला ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

अल्मोड़ा। नगर क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आई है जहां बीते शुक्रवार को एक महिला ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला नगर के दुगालखोला क्षेत्र का है जहां एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दुगालखोला निवासी सुनीता बिष्ट 42 पत्नी गणेश बिष्ट बीते शुक्रवार की रात करीब 10 बजे अपने बच्चों से रेस्टोरेंट से खाने पकाने के लिए तेल लाने की बात कहते हुए कमरे से निकली। आधे घंटे बीत जाने के बाद भी जब वह वापस कमरे में नहीं लौटी तो पति व बच्चें उन्हें ढूढ़ने रेस्टोरेंट में पहुंचे। जहां सुनीता दुपट्टे के फंदे से लटकी हुई थी। इसके बाद परिजन व आसपास के लोग महिला को अस्पताल लेकर जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल महिला द्वारा आत्महत्या क्यों की गई इसके कारण का पता नहीं चला है मृतका का पति गणेश बिष्ट वर्तमान में टैक्सी यूनियन के उपाध्यक्ष हैं। और पूर्व में वह क्षेत्र पंचायत सदस्य थे। मृतका की एक बेटी व एक बेटा है। महिला के इस कदम से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### पहाड़ों में भारी बारिश से ऋषिकेश में गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान को पार , मचा हड़कंप

ऋषिकेश। पहाड़ों में भारी बारिश से रविवार को इस मानसून सीजन में तीसरी बार ऋषिकेश में गंगा उफान आ गया। जलस्तर चेतावनी निशान को पार करने पर प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में पुलिस और एसडीआरएफ के जवान गंगा घाटों पर पहुंचे। उन्होंने स्नान को पहुंचे लोगों को किनारे पर ही रहने के लिए कहा। तटीय इलाकों पर बसे लोगों को भी गंगा से दूर रहने की चेतावनी दी गई। रविवार सुबह 9 बजे गंगा चेतावनी निशान 339.50 मीटर को पार कर गईं। गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान से 15 सेंटीमीटर ऊपर होते ही केंद्रीय जल आयोग के अधिकारियों ने फौरन इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दी। प्रशासन ने गंगा के तटीय इलाकों पर बसे लोगों को नगर निगम के माध्यम से मुनादी कराकर अलर्ट किया। त्रिवेणीघाट, नाव घाट और अन्य गंगा घाटों के साथ तटों पर पुलिसकर्मियों ने स्नान कर रहे लोगों को किनारों पर रहने को कहा। जलस्तर अत्याधिक बढ़ने पर सुरक्षित स्थान पर चले के लिए चेतावनी भी दी। सुबह 10 बजे से लेकर शाम तक गंगा के उफान पर रहने से सभी घाट जलमग्न रहे, जिससे गंगा स्नान को आए श्रद्धालुओं को दिक्कतें पेश आई। शाम के समय भी जलस्तर में गिरावट नहीं आई। सीओ संदीप नेगी ने बताया कि जल पुलिस और एसडीआरएफ को गंगा के आसपास के क्षेत्र में निगरानी के साथ अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

### देवप्रयाग में सांप के काटने से महिला की मौत

नई टिहरी। क्षेत्र में सांप काटने की दो घटनाओं में एक महिला की मौत हो गयी, जबकि दूसरी महिला की जान बच गयी। दोनों महिलाओं को सीएचसी बागी उपचार के लिए लाया गया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पट्टी पालकोट के बगसारी गांव में 44 वर्षीय वीना देवी पत्नी सब्बल सिंह चौहान घर की निकट खेत में गयी थी। जहां सांप ने उसे काट दिया। शनिवार सुबह 11 बजे हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने पहले तंत्र मंत्र का सहारा लिया। जब उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तो वह उसे 16 किमी दूर सीएचसी बागी उपचार के लिए लाये। जहां उसे तुरंत एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन दिया गया। तमाम कोशिश के बाद करीब पौन घंटे में महिला की मृत्यु हो गयी। थाना देवप्रयाग में घटना की सूचना के बाद प्रभारी थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सहरावत, एसआई राकेश बिष्ट ने शव का पंचनामा भर उसे पीएम के लिए भेज दिया। वहीं पट्टी भरपूर के डोब गांव में 62 वर्षीय प्रसन्ना देवी को सांप ने घर के आंगन में डस दिया। उसको सीएचसी बागी लाया गया, जहां उपचार किये जाने के बाद वह स्वस्थ हो गयी। महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। वन विभाग की ओर से घटनाओं की जानकारी लेते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# एम आई-17 विदा, चिनूक कुछ समय रहेगा

● केदारघाटी में रेस्क्यू अभियान का प्रथम चरण पूरा

देहरादून। केदारघाटी में रेस्क्यू अभियान का प्रथम चरण पूरा हो गया है। केदारनाथ में स्वेच्छा से रुके 78 लोगों को एमआई–17 के जरिये रविवार को गुप्तकाशी पहुंचाया गया, जिनमें स्थानीय दुकानदार, साधु–संत, घोड़ा–खच्चर चालक आदि शामिल थे। इसके साथ ही वायु सेना के एमआई–17 हेलीकॉप्टर को विदा कर दिया गया है। अब कहीं भी कोई यात्री नीचे आने के लिए शेष नहीं बचा है। स्थानीय लोग जिन्हें नीचे आना था, वे सभी लाए जा चुके हैं। केदारनाथ धाम में खाद्य सामग्री तथा अन्य जरूरी सामान तथा रसद सामग्री जो पहुंचाई जानी थी, उन्हें एमआई–17 तथा स्टेट हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर को केदारनाथ में कुछ भारी मशीनों को पहुंचाने के लिए अभी रोका गया है। जैसे ही मौसम खुलेगा, बड़ी मशीनों को पहुंचाकर चिनूक को भी रवाना कर दिया जाएगा।

**प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री का जताया विशेष आभार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस रेस्क्यू अभियान में सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह का विशेष तौर पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस आपदा के तुरंत बाद उन्होंने भारत सरकार से यात्रियों का सुरक्षित रेस्क्यू किए जाने के लिए वायु सेना की मदद मांगी और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए तुरंत एमआई–17 तथा चिनूक हेलीकॉप्टर उपलब्ध करा दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आपदा के बाद यात्रियों की सुरक्षा को लेकर इतने फिक्रमंद थे कि वे स्वयं इस रेस्क्यू अभियान की अपडेट लेते रहे।

**मुख्यमंत्री ने कहा—विपरीत परिस्थितियों में किया सराहनीय कार्य**

केदारघाटी में 31 जुलाई को अतिवृष्टि के बाद विभिन्न स्थानों से यात्रियों तथा स्थानीय





लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए चलाए गए अभियान में सराहनीय योगदान देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राहत और बचाव कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों का आभार जताया है।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि इस रेस्क्यू अभियान में 15 हजार से भी अधिक लोगों का सुरक्षित किया। राहत और बचाव कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों ने शानदार रणनीति के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया और एक सप्ताह से भी कम समय में यह अभियान संपन्न हो सका। रविवार को राहत और बचाव कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों के नाम जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुश्किल वक्त और विपरीत परिस्थितियों में भारतीय वायु सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, जिला प्रशासन, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई आदि विभागों ने सराहनीय कार्य कर हजारों लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर समिति के साथ ही व्यापार मंडल, स्थानीय दुकानदारों एवं स्थानीय निवासियों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए उनका विशेष तौर पर आभार प्रकट किया। उन्होंने सचिव लोक निर्माण विभाग पंकज पांडेय, कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, सचिव सिंचाई आर राजेश कुमार, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, मीडिया से बेहतर समन्वय के लिए बंशीधर तिवारी एवं उनकी टीम, यूएसडीएमए के एसीइओ आनंद स्वरूप तथा डीआईजी राजकुमार नेगी, भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शैलेश कुमार एवं उनकी टीम, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सौरभ गहरवार एवं उनकी टीम, एसपी विशाखा अशोक भदाणेएवं उनकी टीम, एनडीआरएफ के कमांडेंट सुदेश दराल एवं उनकी टीम, आईजी एसडीआरएफ ऋद्धिम अग्रवाल, कमांडेंट मणिकांत मिश्रा एवं उनकी टीम, एसडीएम आशीष घिल्डियाल एवं उनकी टीम तथा विभिन्न रेखीय विभाग एवं उनके अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा दिए गए योगदान की सराहना की है।

**मुख्यमंत्री ने की पल—पल की निगरानी**

पूरे रेस्क्यू अभियान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं पल–पल की निगरानी की। 01 अगस्त को मुख्यमंत्री ने यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर हालात का जायजा लिया ।

## उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, इन 3 जिलों में जमकर बरसेंगे मेघ



देहरादून। उत्तराखंड में एकबार फिर भारी बारिश कहर बरपाने पर आमादा है। बीते 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में जोरदार बारिश देखी गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तराखंड में पूरे हफ्ते अच्छी बारिश देखी जाएगी। आईएमडी ने उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में 12 से 15 अगस्त के दौरान हल्की से मध्यम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान देहरादून, टिहरी गढ़वाल, चमोली और बागेश्वर जिलों के विभिन्न हिस्सों में भारी से ज्यादा भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी गढवाल, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों के विभिन्न हिस्सों में जोरदार बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। कुछ जगहों पर भारी बारिश भी देखी जाएगी। भारी बारिश का दौर दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहेगा।

मौसम विभाग का कहना है कि इस हफ्ते पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश देखी जाएगी। उत्तर–पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भी बारिश देखी जाएगी। 11 से 17 अगस्त के दौरान हिमाचल प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। 11 और 14 से 17 अगस्त के दौरान जम्मू–कश्मीर में जबकि 11 से 14 अगस्त के दौरान पश्चिमी राजस्थान में, 11 को पंजाब में और 11 से 15 अगस्त के दौरान हरियाणा–चंडीगढ़ में झमाझम बारिश देखी जाएगी।

### बारिश से जीवनगढ़ में कच्चा मकान ध्वस्त

विकासनगर। शनिवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के कारण जीवनगढ़ पंचायत के वार्ड सात में एक कच्चा मकान ध्वस्त हो गया। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय परिवार के लोग मकान के बाहरी हिस्से में थे। इससे वह भाग कर घर से बाहर निकल गए। प्रभावित परिवार ने अब प्रशासन से रहने का ठौर मुहैया कराने की गुहार लगाई है।

बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश अब आम लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनने लगी है। खासकर कच्चे मकानों में जीवन–यापन करने वाले परिवार बारिश के चलते डर के साये में जी रहे हैं। बारिश शुरू होते ही लोग घरों से बाहर निकल जाते हैं। दो सप्ताह पहले जीवनगढ़ पंचायत में एक कच्चा मकान ध्वस्त हो गया था। शनिवार को जीवनगढ़ पंचायत के ही वार्ड सात के निवासी हमीदा का कच्चा मकान ध्वस्त होने से घरेलू सामान भी नष्ट हो गया।

### बिहार में बड़ा हादसाः बागमती नदी में नाव पलटी, 12 लोग डूबे– रेस्क्यू आपरेशन जारी

खगडिया , बिहार के खगडिया में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां मानसी थाना क्षेत्र के खिरनिया गांव के पास बागमती नदी में एक नाव डूब गई, जिससे नाव पर सवार सभी 12 लोग नदी में डूब गए।

मिली जानकारी के अनुसार अब भी 2 लोगों के लापता होने की बात बताई जा रही है। बताया जा रहा है की सभी लोग नाव पर सबार होकर परवल तोडने के लिए दियारा इलाके में जा रहे थे इसी दौरान नाव डूब गई। डूबे हुए 2 लोगों की खोजबीन स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। एनडीआरडी और एसडीआरएफ़ की टीम को भी सूचना दी गयी है।

नाव डूबने की घटना के बाद खिरनिया गांव में चीख–पुकार मच गयी है। नदी किनारे लोगों की भीड़ जुट गयी है। किसी तरह 10 लोगों को डूबने से बचाया गया। वहीं, दूसरे नाव से 10 लोगों को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि गांव के लोग अक्सर नाव के सहारे दियारा इलाका में सब्जी तोडने जाते हैं।

## समाज उत्थान के लिए कार्य करना सबसे बड़ा समर्पणः महाराज

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादूनः वयम वरेण्यम फाउंडेशन द्वारा आयोजित शौर्य महोत्सव-2024 मां भारती के अमर सपूतों, बलिदानियों, क्रांतिकारियों के स्मरण उनके त्याग को नमन करने करने के लिए आयोजिन किया गया है। यह उन लोगों का वंदन है जिन्होंने भारत माता के सम्मान हेतु अपना सर्वस्व अर्पण कर बलिदान की महान परम्परा से नई पीढ़ी को साक्षात्कार कराने का एक अवसर प्रदान किया है।



उक्त बात धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को लखनऊ स्थित इंदिरागांधी प्रतिष्ठान विभूति खंड के मर्करी हाल में वयम वरेण्यम फाउंडेशन द्वारा मां भारती के अमर सपूतों, बलिदानियों, क्रांतिकारियों के स्मरण उनके त्याग को नमन करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कही। वयम वरेण्यम फाउंडेशन शौर्य महोत्सव-2024 के अवसर पर बोलते हुए महाराज ने कहा कि अब समय बदल चुका है। बलिदान के प्रकार भी बदल चुके हैं। अगर आप मानव समाज के उत्थान के लिए, उसकी बेहतरी के लिए अपना सामर्थ्य, शक्ति, अपने हिस्से का सुख और समय व्यय कर रहे हैं तो आप भी बलिदान कर रहे हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि वरेण्यम फाउंडेशन एक ऐसे ही लोगों का समूह है जो समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण की पावन भावना को चरितार्थ कर रहा है। नए नए लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ कर इस श्रृंखला को हर दिन मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि वयम वरेण्यम फाउंडेशन ने 2020 में कोविड के दौरान बेहतर सेवा कार्य करने के साथ-साथ इस विभीषिका में सामुदायिक रसोई व अन्य सामाजिक सेवाएं शुरू करने के अलावा 2021 में जब एक बार फिर से कोविड ने दस्तक दी तो वयम् ने दवा व ऑक्सीजन सिलेंडर आदि से समाज सेवा शुरू की और अगस्त 2022 में पहले शौर्य महोत्सव का आयोजन कर समाज की उम्मीदों पर खरा उतरते का प्रयास किया।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों पर विपक्ष चुप क्यों : उमा भारती

भोपाल ,मध्य प्रदेश की भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर विपक्षी दलों की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। भाजपा की फायरब्रांड नेता ने रविवार को बांग्लादेश के हालातों को लेकर एक्स पर लिखा, कई दिनों से बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों को लेकर बहुत चिंतित थी, कुछ बोल भी नहीं पा रही थी। अब जब खबर लगी है कि हिंदू समाज अपनी जान और अपनी इज्जत के लिए सड़कों पर उतर आया है, तब राहत मिली। उमा भारती ने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा, जिन्होंने लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की सीटें कम हो जाने का आनंद उत्सव मनाया है, वे बांग्लादेश से सबक सीखें। हम वहां के सभी अल्पसंख्यकों के साथ हैं, लेकिन कांग्रेस और पूरा विपक्ष चुप क्यों है?



उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बांग्लादेश में हुए आंदोलन और उसके बाद प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे के बाद वहां हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। इन घटनाओं से भारत चिंतित है। प्रभावितों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### बाणगंगा नदी में नहाने उतरे युवक बना रहे थे रील, 7 युवकों की डूबने से मौत

जयपुर ,राजस्थान के भरतपुर जिले के बयाना थाना इलाके में बाणगंगा नदी में नहाते समय 7 युवकों की डूबने से मौत हो गई। सभी की उम्र 18 से 22 साल के बीच है। जानकारी के अनुसार ये युवर नदी में नहाते समय रील बना रहे थे।

जिला कलेक्टर अमित यादव ने बताया कि श्रीनगर निवासी पवन जाटव (20) पुत्र उदय सिंह, सौरभ जाटव (14) पुत्र तान सिंह, भूपेंद्र जाटव (18) पुत्र दशरथ, शांतनु जाटव (18) पुत्र खेमसिंह, लक्की जाटव (20) पुत्र प्रीतम सिंह, पवन सिंह जाटव (22) पुत्र सुगनसिंह और गौरव जाटव (16) पुत्र प्रकाश की मौत हो गई। इनमें पवन, सौरभ और गौरव चचेरे भाई है। उन्होंने बताया कि नदी में नहाने उतरे ये युवक वहां रील बना रहे थे। इसी दौरान डूब गए। एक युवक खुद ही जैसे–तैसे बाहर निकल आया, जिससे उसकी जान बच गई।

## जम्मू—कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी

जम्मू ,जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी किश्तवाड़ जिले के पद्दार बटम ब्रिज इलाके में हुई। फिलहाल वहां तलाशी अभियान जारी है।

इस बीच, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना ने अनंतनाग में कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया। शनिवार को कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग के अहलान गंडोले इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो थे। वहीं, तीन जवानों और दो नागरिकों सहित पांच अन्य लोग



घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

सेना ने कहा कि दोनों घायल नागरिकों के आतंकी इतिहास का पता लगाया जा रहा है। सेना ने शनिवार शाम को कोकरनाग मुठभेड़ पर बयान देते हुए कहा कि 5 अगस्त 2024 को मानव और इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से पहले ही पुष्टि हो चुकी थी कि 24 जुलाई डोडा क्षेत्र में अत्याचारों और घटनाओं के लिए जिम्मेदार आतंकवादी किश्तवाड़ रेंज को पार करके दक्षिण कश्मीर के कापरान गरोल क्षेत्र में घुस आए हैं। राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने तब से लगातार इन आतंकवादियों पर नजर रखी और 9 और 10 अगस्त 2024 की रात को कापरान के पूर्व में पहाड़ों में सटीक अभियान चलाया गया, जहां कथित तौर पर ये आतंकवादी छिपे हुए थे। 10 अगस्त को लगभग दो बजे संदिग्ध हलचल देखी गई थी। आतंकवादियों ने तुरंत अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें सेना के दो जवान और आसपास के दो नागरिक घायल हो गए। जिस इलाके में मुठभेड़ हुई, वह 10,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर है और वहां घने जंगल, बड़े–बड़े पत्थर और नाले हैं, जो ऑपरेशन के लिए गंभीर चुनौती पेश करते हैं। सेना ने कहा कि सुरक्षा बल आतंकवादियों की तलाश में जुटे हैं।

## उद्धव ठाकरे के काफिले पर हमला : ठाणे पुलिस ने 44 मनसे कार्यकर्ताओं पर दर्ज किया केस

ठाणे ,महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के काफिले पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की है जिनमें कुल 44 लोगों पर आरोप लगाये गये हैं। इस मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के ठाणे जिलाध्यक्ष अविनाश जाधव मुख्य आरोपी हैं। आरोप है कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के काफिले पर गोबर से हमला करने के लिए मनसे कार्यकर्ताओं को उकसाया था। पुलिस ने मनसे के कार्यकर्ता प्रीतेश मोरे, आकाश पवार, अरुण जेटलू, मनोज चव्हाण को आरोपी बनाया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में 32 महिला मनसे कार्यकर्ता



और 12 पुरुष मनसे कार्यकर्ता शामिल हैं। दरअसल, पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के काफिले पर मनसे के कुछ कार्यकर्ताओं ने गोबर से हमला किया था। उन्होंने चूड़ियां फेंकी और टमाटर भी फेंके थे। इस घटना को लेकर शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र सरकार पर सवाल उठाए। पार्टी के प्रवक्ता आनंद दुबे ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग की है। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी फिलहाल उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास है। उन्होंने कहा, राज्य में कानून–व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सीएम एकनाथ शिंदे के गृह जिले में ऐसे हमले होते हैं, तो इससे साफ होता है कि इसकी सुपारी ली गई है। पहले लोग कहते थे कि राज ठाकरे और उनकी पार्टी सुपारीबाज है। जिस तरह हमारे नेता उद्धव ठाकरे के काफिले पर ठाणे में हमला हुआ है, अब यकीन हो गया। यह बहुत ही शर्मनाक है। एकनाथ शिंदे की सरकार पूरी तरह से फेल है। देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देना चाहिए।

### पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का 95 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली , पूर्व विदेश मंत्री के नटवर सिंह का शनिवार रात निधन हो गया। ये जानकारी उनके पारिवारिक सूत्रों ने दी। वे 95 वर्ष के थे और गुरुग्राम के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें यहां लगभग दो सप्ताह पहले भर्ती कराया गया था। पूर्व राजनयिक ने 2004–05 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें 1953 में भारतीय विदेश सेवा के लिए चुना गया था, जिसे उन्होंने 1984 में छोड़ दिया। फिर वो कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान के भरतपुर से चुनाव लड़े और लोकसभा सांसद बने। 1985 में, उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई और उन्हें इस्पात, कोयला और खान तथा कृषि विभाग आवंटित किए गए।

## राष्ट्रपति मुर्मू को मिला तिमोर लेस्ते का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी बधाई

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तिमोर–लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर–लेस्ते से सम्मानित किए जाने को देश के लिए गर्व का क्षण बताया है। पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मू) जी को ग्रैंड–कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर–लेस्ते से सम्मानित होते देखना हमारे लिए गर्व का क्षण है जो उस देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह दोनों देशों के बीच सुदृढ़ संबंधों और आपसी सम्मान को दर्शाता है। यह सार्वजनिक जीवन में उनके कई वर्षों के महत्वपूर्ण योगदान को दी गई मान्यता भी है। केंद्रीय



गृह मंत्री अमित शाह ने भी द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, राष्ट्र के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड–कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर–लेस्ते से सम्मानित होने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बधाई। यह न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने में राष्ट्रपति जी के योगदान का समर्थन है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत का कद ऊंचा होने का संकेत भी है। हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति को ग्रैंड–कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर–लेस्ते से सम्मानित किया जाना हमारे देश के लिए गर्व का क्षण है। यह तिमोर–लेस्ते का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो हमारे देशों के बीच मजबूत दोस्ती और आपसी सम्मान को उजागर करता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को शनिवार को तिमोर–लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस–होर्ता ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड–कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर–लेस्ते से सम्मानित किया।

## संपादकीय

# निकाय चुनाव का कश्मकश

लोकसभा चुनाव से पूर्व उत्तराखंड में पंचायत चुनाव को लेकर काफी खींचतान चली थी और उम्मीद की गई थी कि लोकसभा चुनाव से पूर्व निकाय चुनावों को संपन्न कर लिया जाएगा, लेकिन निगम चुनावों को लेकर संशय बना रहा और लोकसभा चुनाव घोषित हो गए। निकाय चुनाव न होने के कारण नगरीय व्यवस्था में इसका असर अब साफ नजर आने लगा है तो वही कई कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। हालांकि अब पंचायत चुनाव को संपन्न कराने की उम्मीदें नजर आने लगी है और हाईकोर्ट में चल रहे एक प्रकरण में शासन अक्टूबर तक उत्तराखंड में निकाव चुनाव प्रक्रिया को शुरू करने की बात कही है। हालांकि अभी इसमें बुनियादी तौर पर काफी कार्य किया जाना है लेकिन यदि अक्टूबर में सरकार नगर निगम चुनाव कराने में सफल साबित होती है तो यह एक बड़ी उपलब्धि होगी। इधर पंचायत चुनाव को भी निकाय चुनाव के साथ ही करने की भी संभावनाएं तलाशी जा रही है ताकि अलग–अलग चुनावों के लिए आचार संहिता लगने से बचा जा सके। आचार संहिता के कारण कई महत्वपूर्ण कार्य रुक जाते हैं और यदि यह चुनाव एक साथ कर लिए जाएंगे तो एक ही बार आचार संहिता प्रभावी रहेगी। परिस्थितियां तो यही बता रही है कि यदि अक्टूबर से सरकार निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू करती है तो नवंबर या दिसंबर में दोनों चुनावों को संपन्न कराया जा सकता है। विडंबना यह है कि नगर निकाय चुनावों का कार्यकाल पिछले वर्ष नवंबर में ही समाप्त हो चुका है और निगम के चुनावों को लेकर अवरोध समाप्त होता नजर नहीं आ रहा है। मेयर एवं पार्षदों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 6 माह के लिए प्रशासकों की नियुक्ति की गई थी जिसे बाद में 3 महीने के लिए आगे बढ़ाया गया। पंचायत चुनावों को भी पंचायत चुनावों को भी निगम के चुनावों के साथ कराए जाने के कवायद के तहत ही पंचायत के परिसीमन वी पुनर्गठन की प्रक्रिया चलाई जा रही है। लेकिन यहां सबसे बड़ी दिक्कत ओबीसी आरक्षण का नए तरह से निर्धारण व मतदान सूचियां में नए नाम जोड़ने व सुधार की कमियों को भी दूर किया जाना है, जिस कारण पंचायत चुनावों की संभावनाओं पर सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। सरकार प्रयास कर रही है कि उक्त दोनों ही चुनाव एक साथ कर दिए जाएं जिससे न केवल समय व धन की बर्बादी रुकेगी बल्कि आचार संहिता के कारण विकास कार्यों में भी प्रभाव नहीं पड़ेगा। फिलहाल तो निकाय चुनावों को लेकर ही खाका तैयार किया जा रहा है और अक्टूबर में चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की संभावनाओं के तहत पूरे जनपद में उम्मीदवारों ने अपने वार्डों में अपनी उपस्थिति के साथ चहल कदमी भी तेज कर दी है।

# सबका साथ—सबका विकास की जमीनी हकीकत

**मोदीजी का नया नारा है पार्टी से बढक़र देश वे कहते हैं हमें 2047 में भारत को विश्व का सिरमौर बनाना होगा । उनके अनुसार पार्टियों का संघर्ष 2024 के चुनाव के बाद खत्म हो गया, अब हमें पार्टी लाइन से ऊप्रर उठकर देश के बारे में सोचना है । भारत में छः ग्रुप अल्पसंख्यक माने जाते हैं –– सिख, जैन, ईसाई, पारसी, मुसलमान और बौद्ध । इस समय केन्द्रीय मंत्रिमंडल में रवनीत सिंह व हरदीप पुरी सिख हैं । रामदास आठवले बौद्ध हैं । मंत्रिमंडल में ईसाई और जैन भी हैं । अब कोई पारसी मंत्रिमंडल में नहीं हैं । स्मृति ईरानी अमेठी से हारने के बाद अब उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है । वैसे वे पारसी इस कारण हैं कि उन्होंने एक पारसी से शादी की है । परन्तु मंत्रिमंडल में कोई भी मुसलमान मंत्री नहीं है । असल में भाजपा का कोई भी सांसद मुसलमान नहीं हैं । यूं सहयोगी पार्टियों के कई सांसद मुसलमान हैं ।**

**अजय दीक्षित**

2014 में प्रधानमंत्री के रूप में मोदीजी ने पदभार संभालते ही सबका साथ–सबका विकास का नारा दिया और पूरी लगन से इस पर अमल भी किया और आज भी किया जा रहा है । कालांतर में इसमें सब का विश्वास और सब का प्रयास भी जोड़ दिया गया ।

परन्तु तेजी से अन्य पार्टियों के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं और स्वयं भाजपा के कुछ प्रवक्ता इसमें पलीता लगा रहे हैं, उसे चिंता बढ़ रही है । इसी कारण पिछले दिनों मोदी जी ने न केवल भाजपा के अपितु सहयोगी दलों को सभी प्रवक्ताओं का बायोडाटा मांगा है ताकि स्क्रीनिंग की जा सके । यह जरूरी भी है क्योंकि अनेक प्रवक्ता पार्टी लाइन के बाहर या भडक़ाऊ या विपदा पैदा करने वाले बयान दे देते हैं ।

कई बार अन्य राजनैतिक दलों के नेताओं का नाम लेकर भी उनका मज़ाक उड़ाया जाता है । मोदीजी का नया नारा है पार्टी से बढक़र देश वे कहते हैं हमें 2047 में भारत को विश्व का सिरमौर बनाना होगा । उनके अनुसार पार्टियों का संघर्ष 2024 के चुनाव के बाद खत्म हो गया, अब हमें पार्टी लाइन से ऊप्रर उठकर देश के बारे में सोचना है । भारत में छः ग्रुप अल्पसंख्यक माने जाते हैं –– सिख, जैन, ईसाई, पारसी, मुसलमान और बौद्ध । इस समय केन्द्रीय मंत्रिमंडल में रवनीत सिंह व हरदीप पुरी सिख हैं । रामदास आठवले बौद्ध हैं । मंत्रिमंडल में ईसाई और जैन भी हैं । अब कोई पारसी मंत्रिमंडल में नहीं हैं ।

स्मृति ईरानी अमेठी से हारने के बाद अब उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है । वैसे वे पारसी इस कारण हैं कि उन्होंने एक पारसी से शादी की है । परन्तु मंत्रिमंडल में कोई भी मुसलमान मंत्री नहीं है । असल में भाजपा का कोई भी सांसद मुसलमान नहीं हैं । यूं सहयोगी पार्टियों के कई सांसद मुसलमान हैं ।

असल में जमीनी स्तर पर कोई भेदभाव नहीं होता है । झुग्गी झोपड़ी वालों को फ्री घर मिलने में मुसलमान भी शामिल हैं । मुस्लिम महिलाओं को भी फ्री गैस सिलेण्डर मिला है । किसी भी सरकारी स्कीम में कोई भेदभाव नहीं है ।

परन्तु जब कांवड़ यात्रा के दौरान मस्जिदों और मज़ारों को ढंकने की बात आती है या मुसलमानों द्वारा हिन्दू देवी–देवताओं के नाम पर दुकान/होटल चलाने में आपत्ति होती है तो चिंता स्वाभाविक है ।

देश में ऐसा कोई कानून नहीं है कि कोई भी मुसलमान हिन्दू नाम नहीं रख सकता अपनी दुकान का । बात शुद्धता है । अनेक मुसलमानों ने कांवडियों के लिए शिविर लगाये हैं । वे उन पर पुष्प वर्षा करते हैं । उग्र हिन्दुत्व से देश का भला नहीं होने वाला है ।

आजकल संबित पात्रा का नाम सुनाई नहीं पड़ता । वे 2019 के लोकसभा चुनाव में पुरी (उड़ीसा) से हार गये थे । परन्तु 2024 में वे पुरी से जीत कर अब सांसद हैं । इसका एक बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस की महिला उम्मीदवार ने अपना नाम वापिस ले लिया था । शायद संबित पात्रा उड़ीसा के मुख्यमंत्री बनना चाहते हों । उन्हें केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह नहीं मिली है । जो भी हो वे एक कुशल ई.एन.टी. सर्जन हैं । शायद फिर से प्रैक्टिस शुरू करें ।

असल में पार्टी लाइन की रक्षा के लिए सभी प्रवक्ताओं की स्क्रीनिंग बहुत जरूरी हैं । उनके लिए गाइड लाइन निर्धारित होनी चाहिए और अन्य पार्टियों के नेताओं पर अनर्गल भी नहीं बोलना चाहिए । पक्ष और विपक्ष में शत्रुता नहीं है । यह विचारधारा का अंतर है और प्रजातंत्र में वैचारिक मतभेद शुभ लक्षण है ।

# आम जन को न्याय पाने में ज्यादा हलकान होना पड़ता है

भारत के प्रधानमंत्री जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने दोटूक कहा है कि लोग अदालतों से इतने तंग' आ गए हैं कि वे बस समझौता चाहते हैं। वे कहते हैं कि बस, अदालत से दूर करा दीजिए। जस्टिस चंद्रचूड़ विशेष लोक अदालत सप्ताह के दौरान शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में लोक अदालतों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि लोगों में इस प्रकार की भावना उभरना बतौर जज हम लोगों के लिए गहन चिंता का विषय है। बेशक, लोगों का अदालती मामलों से त्रस्त होकर छुटकारा पाने उत्कट इच्छा न्याय व्यवस्था के लिए कोई अच्छी बात नहीं है।

इससे संदेश यह निकलता है कि व्यवस्था लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। और इसलिए उन्हें मजबूरी में मामलों में समझौता करने की राह चुनना बेहतर लगता है। समझौता कोई न्याय नहीं है, बल्कि मजबूरी में किया गया उपाय है, जो समाज में पहले से मौजूद असमानताओं को ही दर्शाता है। जैसा कि प्रधान न्यायाधीश ने भी इंगित किया है कि यह स्थिति अपने आप में सजा है।

लोक अदालत की अवधारणा इस स्थिति से निजात दिलाती हैं जहां आपसी समझौते और सहमति से मामलों को सुलटाया जाता है और कोई भी अपने आप को मजबूर या न्याय से वंचित हुआ नहीं पाता। लोक अदालत से मामले का निस्तारण होने पर फैसले के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। सबसे अच्छी बात यह है कि फैसला परस्पर सहमति के आधार पर किया जाता है। कहना न होगा कि तमाम मामले ऐसे होते हैं, जिन्हें आपसी सहमति से सुलझाया सकता है।

सबसे बड़ा तो यह कि लोक अदालत के माध्यम से न्याय दिया जाना अदालतों पर मुकदमों के भार को कम करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम है। यहां फैसला किसी भी रूप में थोपा हुआ करार नहीं दिया जा सकता। इसलिए जरूरी है कि लोक अदालत की अवधारणा को संस्था के रूप मजबूत किया जाए। न्याय की पहुंच आम नागरिकों तक सुनिश्चित करने की बात हमारे संविधान में निहित है, लेकिन नौबत यह है कि आम जन न्याय पाने की बजाय हलकान ज्यादा हो जाता है।यह स्थिति लोकतांत्रिक समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकती। जिस समाज में आम जन को न्याय पाने में हलकान होना पड़ जाए उसे किसी भी सूरत में अभीष्ट या आदर्श समाज नहीं कहा जा सकता। लोक अदालत सार्थक हैं क्योंकि इनका उद्देश्य ही लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना है।

# चारधाम बरसात में सुरक्षित नहीं

**2023 की आपदा में भी हिमाचल में 10,000 करोड़ का नुकसान हुआ था और लगभग 500 लोग मारे गए थे। इस बार अभी तक यहां दो पावर प्रोजेक्ट ध्वस्त हो गए हैं, जिसके कारण दर्जनों लोग लापता है। आपदा की यह जानलेवा घटना कुल्लू, मंडी और रामपुर में अधिक हुई है। हिमाचल की 445 सडक़ें यातायात के लिए ठप पड़ी है। जिसको खोलने के लिए राज्य सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में बाहर से आने वाले पर्यटकों ने आपदा की स्थिति को देखकर अपनी बुकिंग कैंसिल की है, जिसके कारण पर्यटन कारोबार पिछले वर्ष की तरह प्रभावित हो गया है। कुल्लू–शिमला की सीमा पर समेज खड में आई बाढ़ में लगभग 36 से ज्यादा मकान बह गए हैं।**



**सुरेश भाई**

इस बार जितनी देर से बारिश शुरू हुई है। उतनी ही जल्दी आपदा आ गई है। जुलाई के अंतिम सप्ताह से चारधाम की सडक़ें ध्वस्त होने लगी है। आवागमन के पैदल रास्ते भी नदी में समा रहे हैं। जहां–जहां मनुष्य के कदम पड़ रहे हैं वहां धरती इतनी संवेदनशील बन गई कि अब उसे कोई नहीं बचा सकता है। ध्यान रहे कि चारधाम बरसात में सुरक्षित नहीं है।

सुरक्षा के नाम पर जितनी भी घोषणाएं करें वह मौसम के सामने बौनी पड़ रही है। यहां हर साल आपदा की भवावहता बढ़ती ही जा रही है। केदारनाथ आपदा की तरह ही मंदाकिनी नदी में इस बार फिर से जल पलय जैसा रूप लोगों ने देखा है। स्थिति इतनी विकराल बन गई कि 2 अगस्त तक केदारनाथ पैदल मार्ग पर फंसे लगभग 4000 यात्रियों को रेस्क्यू किया गया, जिसमें से लगभग 700 यात्रियों को हेली सेवा से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

मंदाकिनी नदी में जल स्तर बढने् से पैदल मार्ग पर रामवाड़ा में दो पुल और भीम बली में 25 मीटर रास्ता क्षतिग्रस्त होकर बह गया था, जहां से केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को मुश्किल से बचाया जा सका है। पैदल मार्ग पर फंसे यात्रियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था राज्य सरकार ने की है। यदि पहले मौसम के अलर्ट की सूचना पर ऋषिकेश में ही यात्रियों को जाने से रोक देते तो समय और खर्च दोनों भी रोका जा सकता था। उत्तराखंड और हिमाचल में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से 16 लोग उत्तराखंड में मलबे में दबकर मरे हैं। हिमाचल में 6 लोगों की मौत हो गई है और लगभग 53 लोग लापता बताए जा रहे हैं।अब तक वहां पर 300 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

2023 की आपदा में भी हिमाचल में 10,000 करोड़ का नुकसान हुआ था और लगभग 500 लोग मारे गए थे। इस बार अभी तक यहां दो पावर प्रोजेक्ट ध्वस्त हो गए हैं, जिसके कारण दर्जनों लोग लापता है। आपदा की यह जानलेवा घटना कुल्लू, मंडी और रामपुर में अधिक हुई है। हिमाचल की 445 सडक़ें यातायात के लिए ठप पड़ी है। जिसको खोलने के लिए राज्य सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में बाहर से आने वाले पर्यटकों ने आपदा की स्थिति को देखकर अपनी बुकिंग कैंसिल की है, जिसके कारण पर्यटन कारोबार पिछले वर्ष की तरह प्रभावित हो गया है। कुल्लू–शिमला की सीमा पर समेज खड में आई बाढ़ में लगभग 36 से ज्यादा मकान बह गए हैं।

यहां 6 बच्चों समेत 36 लोग भी लापता हैं। 7 घंटे में सामान्य से 305 मिलीमीटर ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। लगभग 7 पुल बह गए हैं। सतलुज और ब्यास नदियों का जलस्तर खतरे के करीब पहुंचने लगा है। यहां पर श्रीखंड महादेव मार्ग पर करीब 250 लोग फंसे रहे। चिंता की बात यह है कि हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाएं सबसे अधिक विनाश का कारण बन रही हैं। 2013 की केदारनाथ आपदा के समय भी 24 जल विद्युत परियोजनाओं ने मंदाकिनी और अलकनंदा घाटी का जन–जीवन बुरी तरह प्रभावित किया था, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इसकी पुनरावृत्ति फिर से देखी जा रही है।जिला टिहरी गढ़वाल में बालगंगा और धर्मगंगा पर 26–27 जुलाई की भीषण बाढ़ ने जो विनाश लीला सामने लाई है; उसने केदारनाथ आपदा की याद ताजा की है। यहां पर तीर्थ यात्रियों के लिए प्रसिद्ध बूढ़ा केदारनाथ का मंदिर भी है, जिसके दोनों तरफ ये नदी बहती है। यहां 20 किमी के क्षेत्र में नदी तटों पर निर्माण कायरे से एकत्रित मलवे के बहने से पैदा हुए भीषण जल पलय से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि नष्ट हुई है। लोगों के होटल, मकान, गौशालाएं नदी में समा गए।

यहां पर बड़े बांध के विकल्प के रूप में 50 किलोवाट की एक छोटी पण बिजली बनाई गई थी, जो पूरी तरह मलबे में दब गई है। इससे आगे भी तीन मेगावाट की एक लघु जल विद्युत भी ध्वस्त हो गई हैं। क्षेत्र के एक दर्जन पुल जर्जर हो चुके हैं। तिनगढ़ गांव के परिवारों के घरों में मलवा जमा हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बाढ़ पीड़ितों से मिल रहे हैं और राहत और पुनर्वास का आासन दे रहे हैं, लेकिन इन नदियों के दोनों तरफ लोग पूर्व में आपदा से प्रभावित हुए श्रीनगर, उत्तरकाशी और केदारनाथ की तर्ज पर पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं क्योंकि यहां हालात बहुत चिंताजनक हैं।भारी बारिश के चलते डरे हुए माहौल में लोग रात गुजार रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र के पुनर्निर्माण के लिए जिस तरह की न्यूनतम राशि की घोषणाएं अब तक हुई है उसके कारण लोगों में रोष भी है। उत्तरकाशी में भागीरथी और यमुना नदी के उम में भी भीषण बाढ़ के दृश्य सामने आए हैं, लेकिन बाढ़ नियंत्रण के उपायों पर गंभीरतापूर्ण विचार नहीं हो रहा है। हिमालय की भौगोलिक संरचना की अनदेखी करके विकास के तरीके विनाश के रास्ते पर ले जा रही हैं। हर साल जल पलय की निरंतर घटनाओं में बह रही मिट्टी, पानी, पत्थर, पेड़, लोग आदि की चिंता बरसात पूरा होने पर समाप्त हो जाती है। इसके बाद धरती तोड़ विकास अनवरत चलता रहता है। फिर पुनरावृत्ति होती है जो भोगवादी विलासिता पूर्ण विकास का परिणाम है।

# ओल्ड मनी सॉन्ग रिलीज, सलमान खान और संजय दत्त संग एक्शन मोड में दिखे रैपर एपी ढिल्लों



पॉपुलर पंजाबी सिंगर और वर्ल्ड फेमस रैपर एपी ढिल्लों, सलमान खान और संजय दत्त का न्यू ब्रॉन्ड गाना ओल्ड मनी रिलीज हो गया है. सॉन्ग ओल्ड मनी में सलमान खान, एपी ढिल्लों का जबरदस्त एक्शन देखने को मिल रहा है. सॉन्ग में सलमान खान और एपी ढिल्लों जमकर मारधाड़ और एक्शन करते दिख रहे हैं.

बता दें, बीती 6 अगस्त को दबंग स्टार सलमान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर ओल्ड मनी का टीजर जारी कर इसकी रिलीज डेट का खुलासा किया था. इस गाने में बॉलीवुड के संजू बाबा उर्फ संजय दत्त का खास रोल है, लेकिन टीजर में उनकी झलक नहीं दिखी थी और वह गाने के भी अंत में नजर आए हैं. गाने में इंडो कनाडियन रैपर सिंधा कोहलन भी दिख रहे हैं.कहा जा रहा है कि ओल्ड मनी सिर्फ एक गाना नहीं है, बल्कि यह एक घटना पर आधारित है, जिस वजह से इसमें धांसू मारधाड़ देखने को मिल रही ही. फैंस इस कोलैबोरेशन को लेकर काफी एक्साइडेट थे और आज वो सब्र भी खत्म हो गया है.इससे पहले 2 अगस्त को एपी ढिल्लों ने इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प मोशन पोस्टर के साथ ओल्ड मनी गाने का एलान किया था. सिंगर ने कैप्शन में लिखा था, मुझे पता है कि आपने इसे आने की उम्मीद नहीं की थी. मोशन पोस्टर में रैपर, सलमान खान और संजय दत्त की झलक दिखी थी. बता दें, एपी पहली बार सलमान खान और संजय दत्त के साथ काम कर रहे हैं.एपी के प्रोजेक्ट दिखने वाली सलमान खान और संजय दत्त की जोड़ी पहले भी एक साथ नजर आ चुकी है. इससे पहले फिल्म दस के लिए इस सुपरहिट जोड़ी ने सॉन्ग सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी में साथ में काम किया था. वहीं, इस जोड़ी को फिल्म चल मेरे भाई, साजन और सन ऑफ सरदार जैसी हिट फिल्मों में साथ में देखा गया है.

## अभी नहीं थमा क्रिकेट का रोमांच

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम हाल ही में श्रीलंका दौरे पर गई थी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टी20 और फिर 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली गई थी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टी20 टीम ने सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। हालांकि, रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम को वनडे सीरीज में 0–2 से हार मिली थी। पहला वनडे टाई रहा था।

**भारत आएगी बांग्लादेश टीम**

भारतीय टीम भले ही श्रीलंका से वनडे सीरीज हार गई हो, पर क्रिकेट का रोमांच अभी थमा नहीं है। जल्द ही बांग्लादेश टीम भारत का दौरा करेगी। इसके बाद न्यूजीलैंड टीम भारत आएगी। साल के आखिरी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया जाएगी। साथ ही अगले साल की शुरुआत में इंग्लैंड टीम भारत आएगी।

# भारतीय स्टार क्रिकेटर मोहम्मद सिराज ने खरीदी ड्रीम कार



नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अपनी घातक गेंदबाजी के लिए मशहूर हैं। उनके आगे अच्छे–अच्छे बल्लेबाज चकमा खा जाते हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खेली गई वनडे सीरीज में मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट अपने नाम किए। इस सीरीज के खत्म होने के बाद सिराज अपने परिवार के साथ टाइम स्पैंड कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपने एक सपने को पूरा कर लिया है। उन्होंने करोड़ों रुपए खर्च करके एक नई कार खरीदी है। सिराज ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करने के साथ एक कैप्शन भी लिखा।

दरअसल, मोहम्मद सिराज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने नई कार खरीद ली हैं। सिराज के साथ तस्वीर में उनका पूरा परिवार नजर आ रहा है। सिराज ने ड्रीम कार के साथ कैप्शन में लिखा कि आपके सपनों की कोई सीमा नहीं है, क्योंकि वे आपको कड़ी मेहनत करने और ज्यादा प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह आपका प्रयास है जो निरंतरता के साथ किया गया है जो आपको आगे ले जाएगा। भगवान के आशीर्वाद और मुझे अपने परिवार के लिए @लैंड रोवर प्राइड मोटर्स से इस सपनों की कार खरीदने में सक्षम बनाने के लिए उनका आभारी हूं। अगर आप खुद पर विश्वास रखते हैं तो आप वह भी हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं। बता दें कि मोहम्मद सिराज ने जो कार खरीदी हैं वह लैंड रोवर रेंज रोवर ऑटोबायोग्राफी एलडब्ल्यूबी की कीमत करीब 2.60 करोड़ रुपये हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर अंतिम सांसें गिन रही उलझ, एक हफ्ते में 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई फिल्म

साल 2024 में अब तक कई फिल्में रिलीज हो चुकी है लेकिन कुछ ही फिल्में दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं. जहां मुंज्या जैसी कम बजट की फिल्मों ने ताबड़तोड़ कमाई कर हैरान किया तो अक्षय कुमार स्टारर बड़े मियां छोटे मियां जैसी बड़े बजट की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई.

हाल ही में जाह्नवी कपूर की स्पाई थ्रिलर उलझ और अजय देवगन स्टारर औरों में कहां दम था सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. ये दोनों फिल्में भी दर्शकों की कसौटी पर खरी नहीं उतर पाई हैं. जाह्नवी की ह्यउलझह्न की बात करें तो ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरस रही है. फिल्म को रिलीज हुए 7 दिन हो गए हैं लेकिन ये 10 करोड़ का आंकड़ा भी नहीं छू पाई है. चलिए यहां जानते हैं उलझ ने रिलीज के 7वें दिन कितना कलेक्शन किया है? जाह्नवी कपूर की उलझ को दर्शकों से बेहद ठंडा रिस्पॉन्स मिला है. ना तो इस फिल्म की कहानी और ना ही स्टार कास्ट ऑडियसं को सिनेमाघरों तक खींच पा रही है. फिल्म की ओपनिंग ही बेहद खराब हुई थी और रिलीद के चौथे दिन ही इसकी कमाई लाखों में सिमट गई थी. ऐसे में ह्यउलझह्न के मेकर्स भी सिर पकड़े बैठे हैं. फिल्म पूरी तरह डूब चुकी है और इसके कलेक्शन में अब उछाल आने की जरा भी उम्मीद नहीं है. वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो उलझ ने 1.15 करोड़ से खाता खोला था. दूसरे दिन फिल्म ने 1.75 करोड़, तीसरे दिन 2 करोड़, चौथे दिन 65 लाख, पांचवें दिन भी 65 लाख और छठे दिन 55 लाख का कारोबार किया. वहीं अब ह्यउलझह्न की रिलीज के 7वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक उलझ ने रिलीज के 7वें दिन यानी पहले गुरुवार को 50 लाख की कमाई की है.

## ओटीटी पर रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन

कार्तिक आर्यन स्टारर स्पोर्ट्स बायोग्राफिकल फिल्म चंदू चैंपियन अब सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है.

चंदू चैंपयिन बीती 14 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई थी. चंदू चैंपियन को एक था टाइगर के डायरेक्टर कबीर खान ने डायरेक्ट किया है. चंदू चैंपियन भारत के पहले पैरालिंपिक गोल्ड मेडेलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की कहानी है. खुद गोल्ड मेडेलिस्ट ने इस फिल्म को स्पेशल स्क्रीनिंग पर देखा था. अब देश के इस पूर्व स्टार खिलाड़ी की कहानी ओटीटी पर भी स्ट्रीम होने जा रही है. चंदू चैंपयिन कब और किस प्लेट-फॉर्म पर स्ट्रीम होगी आइए जानते हैं.

# पाकिस्तान क्रिकेट टीम में मैच फिक्सिंग! बांग्लादेश सीरीज से पहले कप्तान को क्यों देनी पड़ी सफाई?



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के खिलाफ 21 अगस्त से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत से पहले पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद को मैच फिक्सिंग के सवाल से जूझना पड़ा और इसे लेकर सफाई तक देनी पड़ी। पाकिस्तान के कई क्रिकेटर पूर्व में मैच फिक्सिंग में फंस चुके हैं और इस तरह की कई खबरें पाकिस्तान से आती रहती हैं। इसी तरह की रिपोर्ट्स को आधार बनाते हुए एक पत्रकार ने मसूद से सवाल पूछा कि अरशद नदीम के पेरिस ओलंपिक–2024 में गोल्ड जीतने के बाद वह टीम के साथियों को क्या संदेश देना चाहेंगे? रिपोर्टर ने साथ में जोड़ा कि नदीम ने जो सफलता हासिल की है उसके बाद खिलाड़ियों को काफी पैसा मिलता है और ये जाहिर तौर पर उससे ज्यादा होता है जो खिलाड़ी मैच फिक्सिंग जैसी गलत गतिविधियों से कमाते हैं। इस पर मसूद को सफाई देने को मजबूर होना पड़ा।

**मसूद ने किया बचाव**

इस सवाल के जवाब में मसूद ने कहा कि उन्हें अपनी टीम के खिलाड़ियों की मंशा पर किसी तरह का कोई संदेह नहीं है। उन्होंने साथ ही कहा कि पाकिस्तान को अब अतीत में किए गए अपने पुराने प्रदर्शन को पीछे छोड़ने की जरूरत है। मसूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "आपने मैच फिक्सिंग शब्द का उपयोग किया, मैं किसी मंशा पर सवाल नहीं उठा सकता। मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान क्रिकेट के मौजूदा सेटअप में आप किसी की ईमानदारी पर सवाल उठा सकते हैं। मैं इससे पूरी तरह से असहमत हूं। मैं आपको गारंटी दे सकता हूं कि सभी खिलाड़ी पाकिस्तान के लिए मैच जीतना चाहते हैं, लेकिन हार और जीत खेल का हिस्सा हैं। हम जब हारते हैं तो दुखी होते हैं।"

## एक नजर

### बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा को आगे आए केंद्र सरकार

देहरादून। व्यापारी संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर रोष जताया है। रविवार को तिब्बती मार्केट के समीप एक होटल में आयोजित बैठक में उन्होंने केंद्र सरकार से इस संबंध में कदम उठाने की मांग की है। डिस्ट्रीब्यूटर्स ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, युवा व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति घोर अन्याय और संगीन अपराध हो रहा है। उन्होंने बांग्लादेश की नई सरकार से मांग की कि देश में हिंसा में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने भारत सरकार से तत्काल इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है। उन्होंने बताया कि व्यापारी सोमवार को बांग्लादेश में हो रहे अन्याय के खिलाफ देहरादून में कैंडल मार्च निकालेंगे। मौके पर विवेक अग्रवाल, अशोक ठाकुर, राजेश सिंघल, कमलजीत शर्मा, संजीव अग्रवाल, प्रवीण वाधवा, मुनीश विरमानी, सुरेंद्र गोयल, मुकेश गुप्ता, मुकुल गोयल, अनुज गोयल आदि मौजूद थे।

### हरियाणा के युवक की संदिग्ध मौत

ऋषिकेश। हरियाणा निवासी एक युवक की रिजॉर्ट में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक साथी के साथ ऋषिकेश क्षेत्र में घूमने के लिए आया था। लक्ष्मणझूला पुलिस के मुताबिक रविवार को ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल से एक युवक की मृत्यु होने की सूचना मिली। जांच में पता चलाा कि 26 वर्षीय हिमांशु निवासी बिलासपुर, यमुनानगर अपने दोस्त शुभम के साथ ऋषिकेश घूमने आया था। लक्ष्मणझूला क्षेत्र स्थित एक रिजॉर्ट में तबीयत बिगड़ने पर उसे आपातकालीन सेवा 108 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। पूछताछ में अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मृत्यु के कारण स्पष्ट होंगे। इस बाबत मृतक के परिजनों को भी अवगत करा दिया गया है।

### एसएफआई ने निकाली पर्यावरण बचाओ रैली

देहरादून। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की देहरादून जिला कार्यकारिणी ने स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रविवार को पर्यावरण बचाओ साइकिल रैली निकाली। इसमें विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। गांधी पार्क से सुबह करीब छह बजे रैली शुरू हुई। इससे पहले दोगलापन, खाली जंगल, खाली दीवारें, नमक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। रैली बल्लूपुर से बल्लीवाला, कांवली रोड, सहारनपुर, प्रिंस चौक, सर्वे चौक से होते हुए डीएवी कॉलेज के समीप संपन्न हुई। एसएफआई के राज्य सचिव हिमांशु चौहान और जिलाध्यक्ष अयाज खान ने कहा कि देहरादून में हो रहे पेड़ों के कटाव के बचाव में एसएफआई लगातार प्रयास कर रही है। छात्रों का काम केवल शिक्षा ग्रहण करना नहीं है, बल्कि समाज को और पर्यावरण को बचाना भी है। राज्य अध्यक्ष नितिन मलेठा ने कहा कि एसएफआई का मुख्य कार्य शिक्षा के लिए संघर्ष करना है, लेकिन हमें अन्य गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखनी चाहिए। मौके पर विजय भट्ट, इंद्रेश, सोनाली, पियूष, मुकुल, कनिका, कीर्तिका, शालनी, साक्षी, संजय आदि मौजूद थे।

### संस्कृति की सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

देहरादून। देहरादून विमानन सुरक्षा संस्कृति सप्ताह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें नागरिकों को संस्कृति की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। रविवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर विमानन सुरक्षा संस्कृति सप्ताह के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम हुआ। एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि संस्कृति की सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसका सदैव पालन करना चाहिए। कहा कि सप्ताह भर चले कार्यक्रम में संस्कृति की सुरक्षा के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विनानतल पर जगह जह डिस्प्ले, सेल्फी प्वाइंट आदि लगाए गए। कार्यक्रम के तहत पौधरोपण, स्वच्छता सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर नगर सुरक्षा विमानन के प्रभारी राहुल राठौर, एयरपोर्ट मैनेजर नितिन कादियान, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट एनपीएस मूंग, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पैरालंपिक खिलाड़ियों ने किया है अपने खेल कौशल से अन्य लोगों को प्रेरित करने का कार्य : रेखा आर्या

देहरादून। आज उत्तराखंड सरकार में खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून स्थित एक निजी होटल में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की जहां उन्होंने "उत्तराखंड पैरालंपिक बॉलीबाल खिलाड़ियों" को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया।साथ ही उन्होंने सभी के साथ अभ्यास मैच भी खेला।कहा कि निश्चित ही हमारे पैरालंपिक खिलाड़ियों ने अपने खेल के जरिये अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का कार्य किया है। आज केंद्र और राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में हमारे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।आज हमारे दिव्यांग खिलाड़ी अपने खेल कौशल से देश और राज्य का नाम रोशन करने का काम कर रहे हैं।कहा कि



राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं जिससे वह अपने खेल कौशल को आगे बढ़ा रहे हैं।

खेल मंत्री ने कहा कि खेल के प्रति आज लोगो की सोच में बदलाव आया है।पहले जहां खेल को निम्न स्तर का माना जाता था आज वही खेल उन्हें ख्याति प्रदान कर रहा है।आज खेल के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट पर्दशन से हमारे खिलाड़ी देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### सागर स्कूल, इंडियन पब्लिक स्कूल, वेल्हम ब्वाइज जीते

देहरादून। ऑल इंडिया अंडर–19 इंटर स्कूल फुटबाल चैंपियनशिप में सागर स्कूल अलवर, इंडियन पब्लिक स्कूल देहरादून और वेल्हम ब्वाइज देहरादून ने अपने–अपने मुकाबले जीते। सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को मुकाबले खेले गए। सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल के हेड ऑफ स्पोर्ट्स कवलजीत सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में देश के 12 स्कूल प्रतिभाग कर रहे हैं। पहला लीग मैच सागर स्कूल अलवर राजस्थान और कसीगा स्कूल देहरादून के बीच खेला गया। इसमें राजस्थान 4–1 के अंतर से विजयी रहा। दूसरा लीग मैच में पंजाब पब्लिक स्कूल और सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल देहरादून के बीच बराबरी पर छूटा। तीसरा मैच में इंडिया पब्लिक स्कूल देहरादून ने आरआईएमसी देहरादून को 4–0 के अंतर से शिकस्त दी। चौथे मैच में वेलहम ब्वाइज स्कूल देहरादून ने वाइनबर्ग एलन स्कूल मसूरी को 3–2 के अंतर से शिकस्त दी।

# पेयजल के राजकीयकरण में देरी पर कर्मचारी नाराज

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल निगम, जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने पेयजल के राजकीयकरण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। शासन पर सालों से चल रही प्रक्रिया को ठप करने का आरोप लगाया। जल्द पेयजल को राजकीय विभाग न बनाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। 17 अगस्त को होने वाली मोर्चा की बैठक में आंदोलन की रणनीति तैयार होगी।मोर्चा की रविवार को हुई ऑनलाइन बैठक में संयोजक रमेश बिंजौला ने कहा कि 10 साल से पेयजल को राजकीय विभाग बनाए जाने को शासन स्तर पर फाइल फाइल खेला जा रहा है। समितियों पर समितियों का गठन किया जाता है। हर समिति की रिपोर्ट को शासन स्तर पर डंप कर दिया जाता है। इंदु कुमार समिति से लेकर अभी तक ये सिलिसला जारी है। इससे कर्मचारी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। संयोजक विजय खाली ने कहा कि इस बार शासन ने खुद कर्मचारियों को ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान का विकल्प दिया और अब खुद ही पूरे मामले को शासन स्तर पर दबा दिया गया है। जबकि शासन स्तर पर सभी रिपोर्ट उपलब्ध करा दी गई है। इसके बाद भी कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

श्याम सिंह नेगी ने कहा कि शासन के इस नकारात्मक रवैये के खिलाफ 17 अगस्त को आंदोलन की रणनीति तय होगी। शासन से लेकर मैनेजमेंट को आंदोलन का नोटिस दिया जाएगा। बैठक में समन्वय समिति अध्यक्ष जितेंद्र देव, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष रामकुमार, महासचिव अजय बेलवाल, अरविंद सजवाण, गौरव बर्त्वाल, शिशुपाल रावत, प्रमोद कोठियाल, प्रमोद नौटियाल, मोहित जैन, मनमोहन नेगी, लक्ष्मी नारायण भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने मेधावी छात्र–छात्राओं को नवाजा

देहरादून। राजपुर रोड स्थित सेंट जोसेफ अकादमी स्कूल देहरादून में इंडियन क्रिस्चियन यूथ फेडरेशन की ओर से उपलब्धि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सामाजिक क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों और प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इंडियन क्रिस्चियन यूथ फेडरेशन वर्ष 2015 से एक सेल्फ हेल्प ग्रुप के रूप में कार्य कार रहा है। जिसका वित्तीय पोषण संस्था के सदस्यों द्वारा स्वयं वहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा निस्वार्थ भाव और बिना भेदभाव मानव सेवा, उत्थान तथा प्रोत्साहन का कार्य किया जा रहा है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हर साल 10 और 12 के उत्कृष्ट बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन करने हेतु अवार्ड समारोह का आयोजन कर बच्चों को प्रोत्साहित करने का भी कार्य किया जाता है। ताकि एक अच्छे नागरिक के रूप में ये देश की सेवा कर सकें। इस मौके प हिमालयन वैलनेस कंपनी अध्यक्ष डॉ. एस फारूख, निदेश-क, कार्मन स्कूल जीआईजी मेन, प्रधानाचार्य ब्रदर जोसेफ एम जोसेफ, संस्थापक डॉ. हेमंत गुरुंग, संरक्षक वीएस भण्डारी, अध्यक्ष कर्नल संजय वासिंगटन, उपाध्यक्ष टी सेम, महासचिव सेसिल विलियम्स, संयुक्त सचिव वर्षा सिंह, कोषाध्यक्ष जेम्स कुट्टी आदि मौजूद रहे।

### मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को चेताया

रुड़की। उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ संविदा प्रकोष्ठ की ओर से बिजली घर नंबर 6 कॉलोनी स्थित संगठन कार्यालय पर प्रदेश महामंत्री दीपक शांडिल्य की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन मुकेश वर्मा की ओर से किया गया। बैठक में मौजूद संविदा कर्मियों ने विचार व्यक्त किए। वहीं रुड़की, हरिद्वार, ज्वालापुर, बहादराबाद, सिडकुल और भगवानपुर से आए साथियों की ओर से मुख्य सचिव एवम शासन–प्रबंधन को बिजली कर्मचारी संघ की ओर से लिखे पत्र पर हर्ष वक्त किया गया। पत्र में बताया गया कि करीब बीस वर्षों से रिक्त पदों के सापेक्ष ऊर्जा के तीनों निगमों में संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए। यदि सरकार उनकी बात नहीं मानती है तो मजबूरन उन्हें अपने अधिकारों के लिए आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। मुकेश वर्मा ने कहा कि ऊर्जा निगम में कार्यरत कर्मचारी जो की दिन रात अपनी जान को जोखिम में डालकर कार्य करते हैं। लेकिन सरकार कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है। बैठक में विकास गुप्ता, कुलदीप शर्मा, नीरज कपिल, निर्भय कुमार, दीपक गौनियाल, त्रिलोक उप्रेती, दिग्विजय सैनी, आलोक शांडिल्य, महेंद्र पाल और मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### संत निरंकारी मिशन ने शांति धाम में सफाई कर पौधे रोपे

विकासनगर। संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को शांति धाम में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधे रोपे गए। इसके बाद संगत ने रामपुर मंडी में यमुना तट पर पौधरोपण किया। मिशन की ओर से कोविड काल में शुरू किए गए वन अभियान के तहत पछुवादून में स्वच्छता अभियान और पौधरोपण किया जा रहा है। रविवार को निरंकारी मिशन की संगत ने शांतिधाम में साफ सफाई करने के बाद औषधीय प्रजाति के 25 पौधे रोपे।

विकासनगर ब्रांच मुखी नरेंद्र कुमार राठौर ने कहा कि प्रकृति के संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए ह्यवननेस वन कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विकासनगर ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश में करीब छह सौ स्थानों पर पौधरोपण किया गया है। बताया कि मिशन की ओर से अभी तक देशभर में डेढ़ लाख से अधिक पौधे रोपे गए हैं।

# डोईवाला में निकली भाजपा की तिरंगा रैली

ऋषिकेश। भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोईवाला में तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम समेत देशभक्ति के नारे भी लगाए। स्वतंत्रता दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं ने यात्रा के माध्यम से स्थानीय लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत की।

उन्होंने क्रांतिकारियों का भी स्मरण किया। रविवार को बारिश की बीच तिरंगा रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त उत्साह नजर आया। जौलीग्रांट स्थित दुर्गा चौक से कार्यकर्ताओं ने यात्रा की शुरूआत की। दुर्गा और थानों चौक से होते हुए भानियावाला तिराहे पर यात्रा का समापन किया। यात्रा में क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण गैरोला भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों की वजह से आज भारत का हर नागरिक आजाद की सांस ले पा रहा है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य सभी को स्वतंत्रता दिवस पर घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि तिरंगा यात्रा सिर्फ भाजपा ही नहीं, बल्कि हर देशवासी की यात्रा है। तिरंगा महज एक झंडा भर नहीं है, यह हमारी पहचान है। यह हर भारतवासी में देशभक्ति की भावना जगाने का भी माध्यम है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित बिजलवान ने कहा कि युवाओं में देशभक्ति के प्रति पूरा उत्साह है।

स्वतंत्रता दिवस का समारोह सरकारी दिवस न होकर पूरे देशवासियों का त्योहार है। यात्रा में पूर्व ब्लाक प्रमुख नगीना रानी, कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र पवार, चंद्रभान पाल, सुमित लोधी, नरेंद्र सिंह नेगी, अरुण शर्मा, प्रताप बस्सी, नितिन कोठारी, रविंद्र बेलवाल, राजकुमार राज, मनीष नैथानी, अमित शाह, हिमांशु भट्ट, अमित कुमार, सुंदर लोधी, दामिनी क्षेत्री, मनिंदर सिंह, पुरुषोत्तम डोभाल, नरेश रावत, आदेश पंवार, मनीष क्षेत्री, तुषार नेगी, शुभम रावत, नीरज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

#### ऋषिकेश में 13 को निकलेगी तिरंगा यात्रा

ऋषिकेश। भाजपा ऋषिकेश तिरंगा यात्रा का आयोजन 13 अगस्त को करेगी। नगर निगम से त्रिवेणीघाट तक यह यात्रा निकलेगी। रविवार को रेलवे रोड स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने यात्रा को सफल बनाने के लिए चर्चा की। कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक मनोज ध्यानी और पवन शर्मा ने यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी।

मौके पर मंडल अध्यक्ष सुमित पवार, वीरेंद्र रमोला, दीपक बिष्ट, प्रदीप कोहली, सचिव अग्रवाल, राजेंद्र बिष्ट, रमेश अरोड़ा, विपिन पंत, सुरेंद्र मोघा, शिवकुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

# जौनसार–बावर की ग्यारह सड़कों पर बाधित रहा यातायात

विकासनगर। बारिश के चलते शनिवार को क्षेत्र के ग्यारह मोटर मार्गों पर यातायात बाधित रहा। जबकि दो मार्ग पिछले पन्द्रह दिनों से बंद हैं। लंबे समय से सड़कें बंद होने से लोग परेशान हैं। पिछले पन्द्रह दिनों से ड्यूडीलानी से ढलीन–सकरौल मोटर मार्ग, ठलीन–बडैथ–पिनगिरी मोटर मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शनिवार को लोक निर्माण विभाग चकराता के क्यारा पुल–कोटा–मयूंडा मोटर मार्ग दो जगह, सहिया क्षेत्र के दो प्रदेशों को जोड़ने वाले हरिपुर–इच्छाडी–क्वानु–मीनस मोटर मार्ग, कालसी–बैराटखाई मोटर मार्ग, सहिया–क्वानु मोटर मार्ग चेता बैंड के पास, दातनु–बडनु–जोशी–गौथान–खतार मोटर मार्ग, गोथाम मोटर मार्ग, बाड़वाला–जुड्डो मोटर मार्ग, झिटाड मोटर मार्ग, कुनेन मोटर मार्ग दो जगह से, धवेरा से देऊ मोटर मार्ग तीन जगह से और जगथान मोटर मार्ग पर यातायात बाधित रहा। चकराता क्षेत्र का



रावना–पुरोड़ी मोटर मार्ग नौ जुलाई से और टुंगरा सम्पर्क मार्ग 20 जून से बंद है। इन मार्गों से जुड़े लोगों के लिए रावना संपर्क मार्ग और लागापोखरी संपर्क मार्ग से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। एसडीएम चकराता योगेश मेहरा ने कहा कि विभागों को मार्ग खोलने के लिए निर्देशित किया गया है। लंबे समय से बंद सड़कों की रिपोर्ट मांगी गई है।

### किसानों को उन्नत खेती से उपज बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया

रुड़की। इफ्को ने रविवार को लक्सर के टांडा महतौली गांव में एक दिन का कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। इफ्को से आए विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत खेती का प्रशिक्षण देते हुए उन्हें फसल में उर्वरक डालने का सही समय, तरीका और संतुलित मात्रा की जानकारी दी। इफ्को के राज्य विपणन प्रबंधक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यशाला की शुरुआत की। कहा कि खेती योग्य भूमि लगातार कम हो रही है। ऐसे में फसल की औसत उपज बढ़ाना जरूरी है। इसके लिए किसानों को खेती में वैज्ञानिक विधि अपनानी होगी। इफ्को के एजीटी प्रियांशु दीक्षित ने फसल में कब, कैसे और कितना उर्वरक प्रयोग करने की जानकारी दी। कहा कि किसान अच्छी पैदावार के लिए फसल में उर्वरक डालते हैं। उर्वरक सही समय पर, सही तरीके से, सही मात्रा में डालने से ही पूरा फायदा होगा। संचालन कर रहे एसएफए ओमवीर सैनी ने बताया की मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए एनपीके कंसोर्टिया सबसे अच्छा स्त्रोत है।

# जाहरवीर गोगा और गुरु गोरखनाथ की शोभा यात्रा निकाली

विकासनगर। गुरु गोरखधाम गोगामेड़ी सेलाकुई से रविवार को श्री जाहरवीर गोगा और गुरु गोरखनाथ की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। पूरे नगर की परिक्रमा के दौरान नगर के बाशिंदों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। यात्रा में जाहरवीर गोगाजी सेवा समिति के सदस्यों के साथ ही अन्य लोगों ने भाग लिया। गोरखधाम से शुरू हुई शोभा यात्रा से पूर्व गोगा माड़ी पर झंडा चढ़ाकर छड़ी पूजन और पवित्र जोत प्रज्ज्वलित की गई। शोभा यात्रा पूरबिया लाइन, गोरखा बस्ती, बंजारा गली, निगम रोड, हरिपुर, मुख्य बाजार से होते वापस गोरखधाम में समाप्त हुई। बैंड बाजों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में गुरु गोरक्षनाथ द्वारा माता बाछल को गुग्गल का प्रसाद प्रदान करते हुए, श्रीजाहरवीर गोगा, रानी श्रीयल और बाले भांजा, बाबा सबल सिंह बावरी, केसरमल बावरी और माई श्याम कौर, समुद्र मंथन, गणेश, हनुमान, राधा–कृष्ण, शिव–पार्वती, लक्ष्मी–नारायण, मां दुर्गा, महाकाली, श्रीराम दरबार, राम मंदिर, भारत माता आदि की बाल कलाकारों की झांकियां निकाली गईं। शोभायात्रा के आगे गोगाजी की पवित्र छड़ियां तथा डेरु बजाते हुए समैये चल रहे थे। नगर के कई स्थानों पर इस शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बारिश भी शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं पाई। बारिश में भीगते हुए श्रद्धालु मदमस्त होकर नाचते–गाते चल रहे थे। शोभा यात्रा के बाद धाम में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। धाम के महंत योगेंद्र नाथ ने बताया कि हर साल अगस्त माह में गोगा मेड़ी की नगर परिक्रमा निकाली जाती है। शोभा यात्रा में योगी मोनी नाथ, दयाराम, वीर सिंह, चरण सिंह, पाली राणा, सुरेंद्र नाथ, विशाल नाथ, गीता, आदिनाथ आदि शामिल रहे।

# जर्जर पुल और सड़क के सुधारीकरण के लिए रैली निकाली

विकासनगर। ढकरानी गांव को तहसील और ब्लॉक मुख्यालय समेत विकासनगर बाजार से जोड़ने के लिए शक्ति नहर पर बने पुल और नहर किनारे की मुख्य सड़क के बदहाल स्थिति में होने से स्थानीय ग्रामीणों को दुर्घटना का खतरा सता रहा है। नाराज ग्रामीणों ने रविवार को जन संघर्ष मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालकर पुल और सड़क के सुधारीकरण की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि शक्ति नहर पर साठ के दशक में पुल बने थे। इन पुलों को हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए बनाया था। भारी वाहनों का आवागमन इन पुलों पर प्रतिबंधित था। बावजूद इसके यमुना में खनन में लगे भारी वाहन इन्हीं पुलों से आवाजाही करते हैं। इससे पुल जर्जर हो चुके हैं। आरोप लगाया कि भारी वाहनों ही आवाजाही के कारण ही शक्ति नहर किनारे ढ़करानी गांव की मुख्य सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। गड्ढों में चलने से कई ऑटो रिक्शा और दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जर्जर हो चुके पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही पुल के गिरने का कारण बन सकती है, इससे जान–माल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि बारिश के दौरान वह तालाब में तब्दील हो जाती है। इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि इस जर्जर सड़क और जर्जर पुलों से हर रोज ग्रामीण जान जोखिम में डालकर विकासनगर बाजार तक पहुंचते हैं। भारी बरसात के दौरान ग्रामीण पुल के ध्वस्त होने के डर से अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेजते हैं। ग्रामीणों ने जल्द ही पुल और सड़क की मरम्मत किए जाने की मांग की है।

### गवर्नमेंट पेंशनर्स ने मांगी निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं

अल्मोड़ा। नगरपालिका सभागार में शनिवार को गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने आठ सूत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। पेंशनर्स को सभी चिकित्सा सुविधाएं निशुल्क देने, चिकित्सा देयकों के भुगतान आदि की मांग की। शनिवार को हुई बैठक में सदस्यों ने कहा कि आठवें वेतन आयोग की घोषणा ना कर सरकार केंद्रीय कर्मचारियों के साथ धोखा कर रही है। उत्तर प्रदेश में पेंशनर्स को सभी चिकित्सा सुविधाएं निशुल्क दी जा रही हैं, लेकिन उत्तराखंड में पेंशनर्स को यह लाभ नहीं मिल पा रहा है। सदस्यों ने चिकित्सा सुविधाएं निशुल्क देने, चिकित्सा देयकों के भुगतान, पेंशन में 65, 70 और 75 वर्ष की उम्र में पांच, दस और 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी, 15 वर्ष तक की जा रही कटौती को घटाकर 10 वर्ष 8 माह करने, वरिष्ठ नागरिकों को आयकर में मिलने वाली अतिरिक्त छूट पहले की तरह देने, कोविड के समय रोके गए महंगाई भत्ते को रिलीज करने, आठवें वेतन आयोग की घोषणा करने आदि की मांग की।

# किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर 2.5 लाख का जुर्माना

विकासनगर। कोतवाली पुलिस ने रविवार को सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के तहत 25 मकान मालिकों पर किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इसके साथ ही 81 पुलिस ऐक्ट में साढ़े सात हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। जबकि 15 संदिग्धों को थाने ले जाकर पूछताछ की गई। पुलिस का कहना है कि अभियान जारी रहेगा। पछुवादून में अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की ओर से समय–समय पर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को कोतवाली पुलिस ने पुरबिया लाइन, अस्पताल रोड, नगर पालिका रोड, दिनकर विहार, बादामावाला रोड में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान किरायेदारों के आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज जांच कर भौतिक निरीक्षण किया गया। किरायेदारों के कार्य स्थल, कार्य की प्रकृति की पूरी जानकारी ली गई। इसके साथ ही मकान मालिकों को बाहरी प्रांतों से आए लोगों को किराए पर रखने से पूर्व उनके बारे में पूरी जानकारी लेने और उनके आधार कार्ड या पहचान संबंधी अन्य दस्तावेज लेकर कोतवाली में सत्यापन कराने की नसीहत दी। हालांकि अधिकांश लोग अभी भी किरायेदारों के सत्यापन अभियान को लेकर गंभीर नहीं हैं। इसके चलते पुलिस को समय–समय पर खुद ही सत्यापन अभियान चलाना पड़ता है। रविवार को चलाए गए सत्यापन अभियान के दौरान पाया गया कि 25 मकान मालिकों ने अपने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया था। पुलिस ने प्रत्येक मकान मालिक पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कुल ढाई लाख रुपये जुर्माना लगाने के साथ ही पुलिस ऐक्ट में साढ़े सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। 15 संदिग्धों को पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले गई। शहर कोतवाल राजेश सााह ने बताया कि संदिग्धों से पूछताछ जारी है। सत्यापन अभियान आगे भी चलता रहेगा।

# माल रोड में हुए डामरीकरण में नहीं रखा गया गुणवत्ता का ध्यान

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा की मालरोड में डामरीकरण के दो माह के भीतर ही डामर उखड़ने लगा है और सड़क पर गड्ढे बन गये हैं, जिस पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सोमवार को अधीक्षण अभियंता जल निगम के कार्यालय में उनके घेराव की बात कही है।

आरएनएस संवाददाता विनोद जोशी से वार्ता में पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने कहा कि जनवरी माह में माल रोड में जाखन देवी से शिखर होटल तक सीवर लाइन निर्माण का कार्य प्रारम्भ हुआ था जिसको एक माह में पूरा हो जाना था, लेकिन कार्यदायी संस्था जल निगम के द्वारा इस कार्य को पूरा करने में पांच माह का समय लिया गया जिससे पांच माह तक पूरे क्षेत्र के व्यापारी एवं जनता परेशान रही। लगातार आन्दोलनों एवं अनेकों प्रदर्शनों के बाद सीवर का कार्य



बमुश्किल पूरा हुआ। कर्नाटक ने कहा कि हैरानी की बात है कि सड़क पर डामरीकरण हुए अभी दो माह का समय भी नहीं हुआ है और सड़क में बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। उन्होंने कहा कि बख्शीखोला में लगातार बड़े बड़े गड्ढे बन रहे हैं जिससे आवासीय भवन को खतरा उत्पन्न हो गया है तथा वाहन चालकों एवं पैदल चलने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि माल रोड में हुए इस घटिया डामरीकरण में गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया जिसके लिए स्पष्ट तौर पर कार्यदायी संस्था जल निगम के अधिकारी जिम्मेदार हैं।

# रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान को किया जागरूक

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए बैठकें और रैलियां आयोजित की जा रही हैं। रविवार को भाजयुमो ने विकासनगर में दुपहिया वाहन रैली निकालकर लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिए जागरूक किया। विकासनगर मंडी परिसर से शुरू हुई रैली मुख्य बाजार, अस्पताल रोड होते हुए शहीद स्मारक तक गई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजय तोमर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान किसी राजनैतिक दल का अभियान नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक हिंदुस्तानी का अभियान है। जम्मू–कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक चलाए जा रहे इस अभियान का मकसद देश की एकता, अखंडता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इन दिनों विपक्षियों की ओर से कई अभियान चलाए जा रहे हैं, जो लोगों को आपस में तोड़ने के लिए उकसा रहे हैं। जबकि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रत्येक नागरिक को एक–दूसरे से जोड़ेगा। हर घर में लहरा रहा तिरंगा यह अहसास दिलाएगा कि तिरंगे के तीन रंगों की तरह ही देश के सभी जाति, धर्म, संप्रदाय के लोग एक ही डोर से बंधे हुए हैं। इससे देश के प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रवाद की भावना पैदा होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगे को फहराना प्रत्येक देशवासी के लिए गर्व की बात है। रैली में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरू देवी, जिला महामंत्री अमित डबराल, विनोद कश्यप, विपुल मूसला, अरुण मित्तल, विनायक नौटियाल, कपिल शर्मा, नरेश कुमार, शुभम गर्ग, रोहित पाल, सुमित टोंक, रविकांत, सारांश आदि शामिल रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338